## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 117.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 27 जून तक 117.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 233.6 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 71.5 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 97.6 मि.मी, बिरसिंहपुर में 85.2 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 50 मि.मी., नागौद में 212.9 मि.मी., जसो (नागौद) में 41.6 मि.मी. एवं उचेहरा में 145.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 42.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

### शांति समिति की बैठक 3 जुलाई को दोपहर 12 बजे से

**सतना।** मोहर्रम एवं आगामी त्यौहारों के अवसर पर जिले में शांति व्यवस्था एवं सद्भावना बनाये रखने के उद्देश्य से 3 जुलाई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रानी बाटड की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### बारिश में बिजली हादसों से बचने दी सलाह

**उमरियापान।** बारिश के मौसम में बिजली जनित हादसों से बचाव को लेकर विधुत विभाग ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने एडवाइजरी जारी किया है। विधुत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बारिश के मौसम में बिजली के खंभों को नहीं छुए,खंभों से मवेशियों को न बांधे। बिजली लाइनों के नीचे कोई भी प्रोग्राम न करे।खेत की मेड़ पर यदि बिजली खंभा लगा है तो उचित दूरी रखकर ही जुताई करे। बिजली खंभे पर यदि स्पार्किंग हो रही हैं तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज,जेई,संबंधित सब स्टेशन पर सूचना दे।ट्रांसफार्मर,लाईनों पर बम्बू से या किसी और चीज से कुंडी नहीं डाले, हेवी लाइनों पर रिसाव होने से व ग्राउंड होने से बड़ा हादसा हो सकता है । उमरियापान कनिष्ठ अभियंता वीरेन्द्र उइके ने कहा कि बारिश की वजह से कोई लाइन ढीली पड़ गई हो या सड़क के उपर से नीची हो तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज या फिर सब स्टेशन पर सूचना दें ताकि समय पर सुधार हों सके। बिजली खंभों को चार दिवारी या बाउंड्रीवाल में अतिक्रमण न करें, हादसा होने पर भारी नुकसान हो सकता है।

### बड़वारा में 225 जलदूतों को दिया गया प्रशिक्षण

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के जलदूतों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जनपद पंचायत बड़वारा में राज्य स्तर से मास्टर ट्रेनर डॉ. अजीत सिंह, सहायक यंत्री आर बी सिंह, मानव जीवन संस्था के प्रमुख एवं पर्यावरणविद एवं मानव विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, सहायक लेखा अधिकारी गोविन्द सिंह, बबिता सिंह, विनय सिंह एवं प्रदीप उर्मलिया द्वारा जलदूतों को प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भूदूजल स्तर की गुणवत्ता की निगरानी करने और जल संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने में इस प्रशिक्षण की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रशिक्षण के उपरांत जनपद पंचायत बड़वारा के उपाध्यक्ष श्री रामसेवक दुबे की उपस्थिति में जलदूतों को प्रमाण पत्र दिए गए।

### वन परिक्षेत्र में किया गया पौधारोपण

**विजयराघवगढ़।** वनपरिक्षेत्र विजयराघवगढ़ अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। पौधा रोपण कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों, विभिन्न अधिकारियों कर्मचारियों, ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। एक्सीलेंस स्कूल विजयराघवगढ़ के 50 से अधिक छात्र शामिल हुए साथ ही उनके शिक्षक, बीआरएस ऑफिस के कर्मचारी व शिक्षक भी शामिल हुए।

---

### दो पक्षों में गुरुवार को हुई थी मारपीट, आश्वासन के बाद जाम खोला

# कोठी-सिंहपुर मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन,7 घंटे तक लगा रहा जाम

सतना। खड़ौरी गांव में खेत की मेड़ विवाद में गुरुवार को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट जिसमें एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने कोठी-सिंहपुर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी,उनका घर गिराने,50 लाख की आर्थिक सहायता और निजी तालाब को सरकारी घोषित करने की मांग की। स्थिति को देखते हुए चित्रकूट एसडीओपी रोहित राठौर,जैतवारा टीआई अभिषेक पांडेय समेत कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। रघुराजनगर एसडीएम राहुल सिलाडिया भी पहुंच गए।

#### विवादित मेड़ को जेसीबी से हटाया गया

पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिस मेड़ की वजह से विवाद हुआ था उसे जेसीबी से हटा दिया गया। तालाब के रास्ते का अतिक्रमण भी हटाया गया।

#### आश्वासन मिलने के बाद बंद किया प्रदर्शन

सरकारी योजनाओं के लाभ का आश्वासन मिलने के बाद परिजनों ने रात 10 बजे अपना प्रदर्शन बंद किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और मार्ग पर आवागमन बहाल हुआ।

#### क्या है पूरा घटनाक्रम

मामला रैगांव थाना क्षेत्र के खड़ौरी गांव का है। गुरुवार को खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि दो लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारा, सिर में चोट आने की वजह से अब वह नहीं रहा। पुलिस पहुंची तो परिजनों ने शव पोस्टमार्टम को ले जाने से इंकार कर दिया,वह पहले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं।



---

# आजाद चौक में घर में घुसकर चोर 5 लाख के जेवर और 80 हजार नकदी ले उड़े



### चोर सीढ़ियों से चढ़कर गेट के ताले तोड़े,गमी में रीवा गया था परिवार

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के आजाद चौक इलाके में चोरों ने सूने घर को निशाना बनाकर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। चोर यहां से 5 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और 80 हजार रुपए नकद ले गए हैं। घटना 17 से 26 जून के बीच होना बताई जा रही है। घर के सभी सदस्य गमी में रीवा गए थे।घर के मालिक सुनील कुमार रवि ने बताया कि 17 जून को उनकी सास का देहांत हो गया था। पूरा परिवार गमी में शामिल होने के लिए रीवा गया हुआ था। चोर सीढ़ी का इस्तेमाल कर घर में घुसे। उन्होंने मुख्य गेट को छोड़कर अंदर के सभी ताले तोड़ दिए। 26 जून को पड़ोसी ने फोन कर चोरी की सूचना दी। घर पहुंचने पर सारा सामान बिखरा मिला। देर रात पुलिस को सूचना दी गई। सिटी कोतवाली से आए दो पुलिसकर्मियों ने घर के अंदर जाने से मना कर दिया। पीड़ित ने शुक्रवार को थाने में जाकर आवेदन दिया। पुलिस अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं कर पाई है। वह पीड़ित से चोरी गए सोने-चांदी की रसीद मांग रही है। सुनील कुमार प्रणामी मंदिर के पास एमपी ऑनलाइन की दुकान चलाते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि चोरों को परिवार के बाहर होने की पूरी जानकारी थी। इसलिए उन्होंने सरिया के सहारे सभी ताले तोड़कर आराम से चोरी की।

---

# भरहुत नगर में रेस्टोरेंट में इडली-सांभर की प्लेट में परोस दी मरी छिपकली

### खाद्य औषधि विभाग के अफसरों ने लिए सैंपल

**सतना।** रीवा रोड में स्थित महेश्वरी स्वीट्स के सामने भरहुत नगर जाने वाले रास्ते में स्थित एक रेस्टोरेंट में इडली-सांभर की प्लेट में मरी हुई छिपकली मिलने का मामला सामने आया है। यह घटना गुरुवार की है। जब एक परिवार 'इडली वाला' रेस्टोरेंट में पार्टी मनाने गया था। इडली-सांभर परोसे जाने के बाद परिवार ने देखा कि एक प्लेट में मरी हुई छिपकली पड़ी है। छिपकली देखकर परिवार के लोग नाराज हो गए और उन्होंने मौके पर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इस दौरान रेस्टोरेंट का एक वेटर पहुंचा और बिना कुछ कहे वह प्लेट जबरन उठाकर ले गया। जिसका वीडियो बनाते हुए परिवार ने वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया।



### खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए सैंपल

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लिया गया है। शुक्रवार को रेस्टोरेंट से खाद्य सामग्री के सैंपल लिए गए हैं,जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। साथ ही रेस्टोरेंट संचालक को साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

---

# भगवान श्री जग्गनाथ के मंदिर मे श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**मैहर।** श्री जगन्नाथ भगवान का आज के दिन रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है,जो की भक्तों द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। प्राचीन ग्रंथो के अनुसार भगवान 15 दिन बीमार होने के बाद आज के दिन स्वस्थ होकर भक्तों को दर्शन देते हैं,प्रभु की प्रिय वस्तु कढ़ी भात का भोग लगाकर भक्तो क़ो प्रसाद वितरण किया जाता है। प्राचीन जगन्नाथ मंदिर हरनामपुर में भव्य मेला का आयोजन भी होता है। जिसे देखने मैहर जिले सहित आसपास के लोग पहुंचते हैं। कार्यक्रम की व्यवस्था ना बिगडे जिसके चलते मैहर पुलिस प्रशासन सुबह से ही तैनात रही। कार्यक्रम को सुचारू रूप से बनाने के लिए सभी भक्तों द्वारा अपार सहयोग किया जाता है वहीं मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी अपने परिवार के साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने के पश्चात भक्त जनों को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर वार्ड पार्षद जितेंद्र पांडे सूर्य प्रकाश चौरसिया मनीष पाठक प्रकाश तिवारी मैहर नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी पवन दुबे जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर हाजिरी लगाई।

---

# जिला स्तरीय इंस्पायर अवॉर्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी में मयंक साहू को प्रथम स्थान




**सतना।** प्रधानमंत्री जवाहर नवोदय विद्यालय रहिकवारा सतना के कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय के छात्र मयंक साहू ने शासकीय एक्सीलेंस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सतना में आयोजित जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मयंक के विज्ञान मॉडल ने निर्णायकों और उपस्थितजनों को अत्यंत प्रभावित किया और उन्हें आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने मयंक साहू की उत्कृष्ट प्रस्तुति एवं रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की और उन्हें विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता हेतु प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय सिंह ने मयंक को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय को मयंक साहू की इस उपलब्धि पर गर्व है। यह सफलता नवोदय की नवाचार भावना और कठिन परिश्रम का प्रतिफल है। यह उपलब्धि विद्यालय को गौरवान्वित करने के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगी।

---

# अकादमी में प्रवेश हेतु खिलाडियों की चयन स्पर्धा का आयोजन 2 जुलाई को

**सतना।**

प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी में प्रवेश के लिए बालक-बालिका खिलाडियों की चयनस्पर्धा का आयोजन 2 जुलाई को प्रातः 9 बजे से दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्टस काम्पलेक्स जवाहर नगर सतना में किया जाना है। जिसमें प्रदेश स्तर के कोई भी खिलाडी भाग ले सकते हैं। खिलाडियों को चयन स्थल पर आधार कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,मूल निवासी,स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की मूल कॉपी एवं उनकी 2 छायाप्रति सहित उपस्थित होना अनिवार्य है। चयन ट्रायल में प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों को आवास, भोजन की व्यवस्था स्वयं वहन करना होगी। ट्रायल से संबंधित कोई भी जानकारी के लिए मो. 8982237027 एवं 8827979962 पर सम्पर्क कर सकते है।

---

# 1 जुलाई को गांधी स्टेडियम सतना में लगेगा कृत्रिम अंग उपकरण वितरण शिविर

**सतना।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण के उप संचालक ने बताया कि जिले के दिव्यांग जनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्रायसिकल व अन्य सहायक उपकरणों का एचपीसीएल व आई ओ सी एल के सीएसआर मद से भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम रिछाई जबलपुर की टीम द्वारा उपकरणों का वितरण 1 जुलाई को बिरला स्थित गांधी स्टेडियम सतना में सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में किया जाना है। जिसमें दिव्यांग हितग्राहियों को शिविर स्थल तक अपने दस्तावेजों के सहित दूरभाष व मोबाइल नंबरों से उन्हें सरपंच,सचिवों,वार्ड प्रभारियों एवं मैदानी अमलों के माध्यम से उपस्थित करने एवं उन्हें सूचित करने के लिए सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये है।

---

# जाखी एजी फीडरों की सप्लाई आज एवं कल प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी

**सतना।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सतना के कार्यपालन अभियंता पंकज द्विवेदी ने बताया कि 220 केव्ही लीलो लाइन वास्ते 400 केव्ही उपकेन्द्र पीजीसीआईएल सतना के लोकेशन के मध्य वायरिंग कार्य हेतु मेंटीनेंस का कार्य किया जाना है। जिसमें 11 केव्ही जाखी एजी फीडर (सितपुरा से महकोना डीएल) की सप्लाई 28 जून एवं 29 जून को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी।

---

# मानसून काल में पुल-पुलिया रपटा पर सुरक्षा प्रबंध करने कलेक्टर के निर्देश

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटने की मानसून काल में जलमग्नीय होने वाले पुलों,पुलियों,रपटों,सड़कों पर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया कि मानसून काल में जलमग्नीय ओवरफ्लो होने वालें पुलों, पुलियों,रपटों,सड़कों पर संबंधित निर्माण एजेंसी को संकेतक लगवाने,दोनों ओर बैरियर लगवाने, खतरे के निशान की मार्किंग करवाने संबंधी कार्यवाही करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों पर पटवारी,कोटवार,सचिव,चैकीदार,लेबर सहित अन्य संबंधित विभागीय अमले की डयूटी लगाई जाये जो कि आपात स्थिति में वहां उपस्थित रहकर बैरिकेडिंग करने एवं पुलिस को सूचना देने संबंधी समस्त आवश्यक सुरक्षा प्रबंध करेंगे।

---

# मझगवां में सड़क हादसा में बाइक सवार युवकों की मौत

**सतना।** मझगवां थाना क्षेत्र के झरी और झगरहा गांव के बीच अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे की है। दोनों युवक बाइक नंबर एमपी 19 एनई 1393 से सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर जा रहे थे। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

### मृतकों की नहीं हुई पहचान

मझगवां टीआई आदित्य नारायण धुर्वे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर से पता चला कि वो रामसनेही मवासी के नाम पर दर्ज है,जो बैरिहा,थाना सिंहपुर के निवासी है। प्रारंभिक जांच में मृतकों का संबंध बरौंधा क्षेत्र के बिरगडा गांव से होने की जानकारी मिली है। पुलिस ने एक टीम को वहां भेजा है। मृतकों की पहचान के लिए प्रयास जारी हैं।

---

# विंध्य क्षेत्र में हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए उप मुख्यमंत्री और एलायंस एयर के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक

**सतना।** *उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल से दिल्ली में एलायंस एयर के चेयरमैन अमित कुमार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजर्षी सेन ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विंध्य क्षेत्र सहित मध्यप्रदेश में हवाई सेवाओं के विस्तार एवं संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा,सतना और विंध्य क्षेत्र के महत्वपूर्ण नगरों में एयर कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में हवाई सेवाएं आमजन के लिए सुलभ और सस्ती बनाई जा रही हैं,और मध्यप्रदेश सरकार इस दिशा में हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने एलायंस एयर को रीवा एवं विंध्य क्षेत्र की आर्थिक ,औद्योगिक और सांस्कृतिक विशेषताओं की जानकारी दी और कहा कि यहां एयर कनेक्टिविटी बढ़ने से पर्यटन, शिक्षा,स्वास्थ्य एवं निवेश के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति होगी। बैठक में रीवा से महानगरों के लिए सीधी उड़ानों की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।*

## श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की पूर्व संध्या पर भजन संध्या सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन



### सामाजिक साहित्यिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्था के तत्वाधान में लवकुश वाटिका में हुआ कार्यक्रम

**पन्ना।** सामाजिक साहित्यिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्था जिला पन्ना के तत्वाधान में श्रीश्री 1008 श्री जगदीश स्वामी रथ यात्रा महोत्सव की पूर्व संध्या पर 26 जून 2025 को पवित्र नगरी पन्ना के लवकुश वाटिका में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रथम चरण में शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक भक्तिमय कार्यक्रम तथा रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक साहित्यकार पत्रकार कलाकार एवं समाजसेवी जनों का सम्मान एवं 9 बजे से 11 तक कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी मनोज केसरवानी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमाशंकर मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष शिवकिशोर पाण्डेय के द्वारा की गई। गरिमामयी कार्यक्रम में अतिथि गणों के सम्मान में कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मी नारायण चिरोलया ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर अतिथियों का पुष्पमाला शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया। इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान के तहत 80 साहित्यकार पत्रकार कलाकार समाजसेवी जनों को मंच पर विराजमान अतिथि गणों के द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

**इनकी रही उपस्थित-**
कार्यक्रम में संजय सिंह राजपूत, राजेश रावत, वीरेंद्र सिंह यादव, संतोष तिवारी, सुनील अवस्थी, राजेंद्र कुशवाहा, सलीम खान, केके टेलर, राजकुमार वर्मा, राजमती केसरवानी, पूरनलाल कोरी, रोहित शर्मा, प्रमोद पाठक, मिथिलेश तिवारी, सुरेश खटीक, डालचंद, आचार्य जी, उपेंद्र सिंह, मोहित पाठक, विजय शर्मा, दीपक मिश्रा, श्रीमती पद्मनी कबीरपंथी, कुमारी, स्नेहा कबीरपंथी, रघुवीर तिवारी, रामकिशोर अहिरवार जमीर, जयदीप सिंह, शेर सिंह कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, विजय कुमार शर्मा, राजीव तिवारी, अरविन्द सिंह यादव, हीरालाल विश्वकर्मा, अजय कोंदर, अकरम खान, रिंकू खान, राजकुमार प्रजापति, अनिल गुप्ता सहित साहित्य प्रेमी, काव्य प्रेमी, धर्मप्रेमी, गणमान्य नागरिकों सहित काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन कवि सुरेश सौरभ के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन आरके प्रोडक्ट म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर राजकुमार वर्मा के द्वारा किया गया।

## झमाझम बारिश के बीच गाजे बाजे के साथ निकली जगत के नाथ भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



### रामचरित मानस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित बृजेश महाराज भी हुए शामिल

**पवई।** माँ कलेही की पावन नगरी में प्राचीनतम मंदिरों में से एक श्री जगदीश स्वामी मंदिर में बीते वर्षों की भाँति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा महोत्सव पूजा अर्चना विधि विधान के साथ विशाल आकर्षण शोभायात्रा अपार श्रद्धा भक्ति भाव ,जयघोष के नारे के बीच ढोल नगाड़ों एवं मधुर बेंड दल के बीच और पुलिस बल के द्वारा सलामी देते हुए रथ यात्रा जगदीश स्वामी मंदिर से प्रारम्भ की गई जगदीश स्वामी मंदिर से रथ यात्रा में श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था देखते ही बन रही थी मंदिरों के नगर में शुक्रवार की शाम को भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा बड़े ही धूमधाम एवं राजसी ठाठ-बाट के साथ निकाली गई भगवान की नयनाभिराम छवि की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं का जनशैलाब जगदीश स्वामी मंदिर परिसर प्रांगण में उमड़ पड़ा नगर के प्राचीन जगदीश स्वामी मंदिर से जब भगवान भाई बलभद्र एवं बहिन सुभद्रा और दूल्हे बने भगवान जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमाओं को मंदिर के गर्भगृह से निकालकर उन्हें शाही रथ पर विराजमान किया गया तो वहां भगवान की एक झलक पाने उपस्थित श्रद्धालु भक्त धर्म प्रेमी बड़े भाव विभोर हो उठे और पूरा प्रांगण परिसर - जय जगन्नाथ के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा रथयात्रा के दौरान इंद्रदेव भी प्रसन्न हुए और झमाझम बारिश हुई बारिश के दौरान भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नही हुआ बारिश मे भी श्रद्धालु ढोल नगाड़ों की धुन मे नाचते हुये बारात मे सम्मलित रहे।

## कुछ पल का मजा सारी उम्र की सजा- बहन जी



### जीवन है अनमोल नशे से ना करो मोल- बहन जी

### मानवता के तीन डाकू बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू

**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर दहलान चौकी मे ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना की ओर से एक नशा मुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, ब्रह्माकुमारी विद्यालय ने गांव गांव में जाकर नशा मुक्त बनाने का लिया संकल्प बहन जी ने सभी ग्राम वासियों को चित्रों के माध्यम से समझाते हुए कहा कि हम इतने अनमोल जीवन को नशे में बर्बाद ना करें सभी को नशे से नुकसान एवं छोड़ने की विधि बताइए, आपने आगे कहा कि नशा की लत देश में एक गंभीर चिंता का रूप उभर रही है विशेष रूप से युवा पीढ़ी में जो न केवल नशीले पदार्थों का उपयोग करने वाले व्यक्ति के लिए बल्कि बड़े पैमाने पर परिवार और समाज के लिए खतरनाक परिणाम दे रहे हैं नशीले पदार्थों के कारण अपराधों में वृद्धि एवं एक्सीडेंट भी बढ़ रहे हैं, बहन जी ने कहा कि अगर हम रोज 200 नशे में नष्ट करते हैं तो 1 महीने में 6000 नष्ट हो जाते हैं जो हमारे तन एवं परिवार सहित सभी समस्याओं का कारण बन जाता है नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं परिवार समाज एवं पूरे विश्व को क्षति पहुंच रहा है। सभी को आज के दिवस पर नशा छोड़ने की प्रतिज्ञा कराई सभी को कहां अच्छी चीजों का एवं दूसरों का नशा छुड़वाने का नशा अर्थात दृढ़ प्रतिज्ञा करें सभी ग्राम वासियों ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया एवं पुनः आने का आग्रह किया।

## जेके सीमेंट पन्ना सीएसआर के जेके ट्रस्ट द्वारा ककरा में 60 से अधिक किसानों को चारे के बीज वितरित

### स्थानीय कृषि और पशुपालन को मिलेगा नया संबल, ग्रामीण आजीविका को मिलेगा बल



**पन्ना।** ककरा 26 जून 2025 सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास की दिशा में काम कर रहे जेके सीमेंट पन्ना जेके ट्रस्ट ने एक और सराहनीय पहल करते हुए ग्राम ककरा में किसानों को चारे के बीज वितरित किए। यह कार्यक्रम जेके ट्रस्ट के माध्यम से आयोजित किया गया जिसमें 60 से अधिक किसानों ने भाग लिया। यह बीज वितरण कार्यक्रम सिर्फ चारे तक सीमित नहीं था, बल्कि यह ग्रामीण समुदाय के आर्थिक सशक्तिकरण और पशुपालन को उन्नत करने की दिशा में एक प्रभावी कदम भी रहा। चारा न केवल पोषण से भरपूर होता है, बल्कि पशुधन की उत्पादकता बढ़ाने में भी सहायक होता है। कार्यक्रम का संचालन यूनिट हेड श्री कपिल अग्रवाल, एचआर हेड श्री अवनेश कुमार गौतम एवं सीएसआर हेड श्री मनीष कुमार शर्मा एवं एस. पी. यम सर के दूरदर्शी मार्गदर्शन में किया गया। किसानों को जागरूक करने और तकनीकी सहयोग प्रदान करने हेतु कार्यक्रम में किसानों ने बीज प्राप्त कर आभार व्यक्त किया और इस पहल को अपनी आजीविका सुधार की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। जेके सीमेंट पन्ना जेके ट्रस्ट द्वारा की जा रही इस तरह की पहलें न केवल ग्रामीण अंचलों को सशक्त बना रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## भारत में शिक्षा या व्यापार? निजी स्कूलों की बेलगाम दुनिया पर लगाम कब?

**पन्ना।** हर साल जून में जब नया शैक्षणिक सत्र शुरू होता है, तो देश के करोड़ों अभिभावक उत्साह और चिंता दोनों का अनुभव करते हैं। उत्साह इसलिए कि उनका बच्चा अगली कक्षा में पहुंचा, और चिंता इसलिए कि स्कूल की फीस, किताबें, यूनिफॉर्म, बस शुल्क और 'अनिवार्य' किट की कीमतें जेब का बजट बिगाड़ देती हैं। शिक्षा का अधिकार भले ही संविधान द्वारा प्रदत्त हो, लेकिन वास्तविकता यह है कि भारत में आज अभिभावकों को शिक्षा नहीं, एक महंगा उत्पाद खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है।

### क्या शिक्षा अब सिर्फ पैसे वालों का विशेषाधिकार बन रही है?-

देश के अधिकांश निजी विद्यालयों में अब फीस संरचना किसी कार की डाउन पेमेंट से कम नहीं लगती। नर्सरी में प्रवेश के साथ ही किताबें, कॉपियाँ, स्टेशनरी, स्मार्ट क्लास, ऐक्टिविटी चार्ज, बिल्डिंग फंड, इवेंट चार्ज, यूनिफॉर्म और ऐच्छिक नहीं बल्कि अनिवार्य बस सेवा का एक ऐसा कॉम्बो मिलता है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवार पूरी तरह हिल जाता है। और सबसे ज़्यादा विडंबना तब होती है जब बच्चों को 30 की एनसीईआरटी किताब के बदले 350 की प्राइवेट पब्लिशर की किताब थमाई जाती है कृ उसी पाठ्यक्रम में, उसी विषय पर। पाँच सालों में शिक्षा का बाजारीकरण तीन गुना बढ़ा है। शहरी भारत में निजी स्कूलों की फीस पाँच वर्षों में 150ः तक बढ़ी है, लेकिन उसके अनुपात में न तो शिक्षकों के वेतन में वृद्धि हुई, न ही सुविधाओं में। सरकारी रिपोर्टें भी मानती हैं कि 65ः निजी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं कृ जैसे साफ़ टॉयलेट, पीने का पानी, खेल का मैदान या लाइब्रेरी कृ की घोर कमी है।

### कहीं 'शिक्षा का अधिकार' सिर्फ एक पोस्टर न बन जाए-

भारत सरकार ने शिक्षा के अधिकार (त्ज्म्) के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने का वादा किया, लेकिन यह अधिकार भी निजीकरण के जंगल में खो गया है। निजी स्कूल त्ज्म् को महज़ एक '10ः कोटे' की मजबूरी मानते हैं, और बाक़ी 90ः अभिभावकों से उसकी भरपाई तीन गुना शुल्क लेकर कर लेते हैं।

### समस्या का समाधान क्या है?-

**यदि कोई सरकार वास्तव में शिक्षा को जनसेवा का माध्यम मानती है, तो उसे निम्नलिखित 6 कदम तुरंत उठाने होंगे-**

1. सभी स्कूलों में केवल एनसीईआरटी/एससीईआरटी पाठ्यपुस्तकें अनिवार्य हों, शिक्षा का राष्ट्रीय मानकीकरण तभी संभव है जब बच्चे महंगे पब्लिशर्स की किताबों से नहीं, एक समान पाठ्यपुस्तकों से पढ़ें। 2. प्रत्येक स्कूल की ग्रेडिंग हो कृ और उसी आधार पर अधिकतम फीस निर्धारित की जाए। जिन स्कूलों में न प्रयोगशाला है, न खेल का मैदान, वे उच्च स्तरीय स्कूलों जितनी फीस क्यों वसूलें? 3. स्टेट स्कूल रेगुलेटरी अथॉरिटी का गठन हो, जिसकी रेटिंग रिपोर्ट हर साल सार्वजनिक हो हर जिले में एक स्वतंत्र समिति हो जो फीस, परीक्षा, पढ़ाई की गुणवत्ता और अधोसंरचना की जांच करे कृ और उसमें पारदर्शिता हो। 4. स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, बस सेवा पर बंधनकारी अनुबंध समाप्त हो अभिभावकों को खरीद की स्वतंत्रता दी जाए। कोई स्कूल यह नहीं कहे कि "यूनिफॉर्म सिर्फ यहीं से लेनी होगी।" 5. कक्षा 1 से 8 तक किसी भी छात्र को फेल करने की नीति खत्म कर सही मूल्यांकन प्रणाली लाई जाए फेल ना करने की नीति बच्चों की नींव को खोखला कर रही है। ज़िम्मेदार मूल्यांकन और मार्गदर्शन जरूरी है। 6. शिक्षा को सेवा क्षेत्र माना जाए, न कि मुनाफे का व्यवसाय जिन स्कूलों की सालाना कमाई 50 लाख से अधिक हो, वहाँ ब्ैट नीति की तर्ज पर गरीब छात्रों की पढ़ाई का 10ः हिस्सा मुफ्त हो।

### सरकारें जागें, वरना शिक्षा का सामाजिक अनुबंध टूट जाएगा-

यदि शिक्षा में भरोसा टूटा, तो भारत की सबसे बड़ी ताक़त कृ उसकी युवा जनसंख्या कृ बोझ में बदल जाएगी। लोकतंत्र में बराबरी का पहला अवसर शिक्षा से ही आता है। अगर वह असमान और असहनीय मूल्य पर मिलेगी, तो आने वाली पीढ़ियाँ सुविधाभोगी और वंचित कृ दो भारतों में बँट जाएँगी। अब समय है कि हम शिक्षा को बाज़ार की ताक़तों के हवाले करने की बजाय, समाज और राष्ट्र निर्माण का औजार मानें। रना इतिहास हमसे यह ज़रूर पूछेगा कृ "क्या हमने शिक्षा बचाई, या उसे बेच दिया?"

## अधिमान्य पत्रकार संघ की बैठक संपन्न



**पन्ना।** मध्यप्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त अधिमान्य पत्रकारो के संगठन पन्ना अधिमान्य पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग की अध्यछता में अधिमान पत्रकार संघ की बैठक का आयोजन सर्किट हाउस में किया गया जिसमें संघ को और सक्रिय बनाने, पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण एवं सरकार द्वारा अधिमान्य पत्रकारों को पूर्व में दी जा रही सुविधाओं को बहाल करने जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की गई इसके बाद सभी पत्रकारों ने फैसला लिया की 30 जून 2025 को पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साइन कृष्ण एस थोटा से मिलकर पत्रकारों कि समस्याओं पर चर्चा कर ज्ञापन देंगे इस संबंध में संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के समस्त मान्यता प्राप्त पत्रकार को इस मीटिंग में आमंत्रित किया गया था, संघ के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार सुरेश पांडे, कादिर खान एवं दुर्गेश शिवहरे का स्वागत किया गया, सभी ने पत्रकारों को समाचार के दौरान होने वाली समस्या पूर्व में जो निर्णय लिए गए थे उनके क्रियान्वयन पर चर्चा की गई, सभी ने संघ को और सक्रिय बनाने पर सहमति जताई इस दौरान संरक्षक अरुण सिंह, सचिव शिवकुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मुकेश विश्वकर्मा, संजय तिवारी, मनीष मिश्रा,बीएन जोशी सहित उपस्थित पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए, सभी ने तय किया कि जो सदस्य इस बार मीटिंग में नहीं आ पाए हैं उन्हें नियमित रूप से बुलाया जाए और अनिवार्य रूप से संघ की हर गतिविधि में शामिल किया जाए। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग,अरुण सिंह,मनीष मिश्रा, इंद्रमणि पांडे,बालकृष्ण शर्मा, सुरेश पांडे, राकेश शर्मा, बी.एन. जोशी, संजय तिवारी, अमित खरे, अनिल तिवारी, शिवकुमार त्रिपाठी,दीपक शर्मा कादिर खान, बृज किशोर द्विवेदी, मुकेश विश्वकर्मा दुर्गेश शिवहरे सहित पत्रकार उपस्थित रहे।

## हॉस्पिटल मे महिला डॉक्टर सहित 5 पद स्वीकृत, किन्तु पिछले 8 वर्षों से एक डॉक्टर के भरोसे संचालित हो रहा शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**पवई।** पन्ना जिले की पवई विधानसभा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर पिछले 8 वर्षों से केवल एक डॉक्टर के भरोसे संचालित हो रहा है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर में 1 महिला डॉक्टर सहित कुल 5 पद स्वीकृत है बावजूद बीते 8 वर्षों से यह पूरा अस्पताल मात्र एक डॉक्टर के भरोसे संचालित हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर यहां की जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शाहनगर स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 64 ग्राम पंचायत के लोगो का जीवन निर्भर है. जिसमे करीब 105 ग्राम आते है. जहाँ के लोग इसी अस्पताल पर निर्भर है। किन्तु यहाँ पर एक हीं डॉक्टर होने के कारण समय पर इलाज उपलब्ध नहीं हो पता है. क्योंकि पदस्थ डॉक्टर के पास भी अतिरिक्त मे बी एम ओ का पद है. जिस कारण से डॉक्टर को आये दिन अन्य स्वास्थ्य केंदो एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रो के निरिक्षण के लिए जाना पड़ता है. एवं कई विभागीय मीटिंग मे शामिल होना पड़ता है। स्थानीय शाहनगर के लोगों का कहना है कि लंबे समय से अस्पताल में स्टाफ की भारी कमी बनी हुई है। खासकर विशेषज्ञ डॉक्टरों और महिला चिकित्सक की अनुपलब्धता के चलते प्रसव, ऑपरेशन व अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। अस्पताल में लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट और नर्सिंग स्टाफ की भी जरूरत है, लेकिन यहां व्यवस्था का जिम्मा एक मात्र डॉक्टर संभाल रहे हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन एवं स्थानीय विधायक तथा जनप्रतिनिधियों से कई बार ज्ञापन और शिकायतें कीं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। ऐसे में यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर कब तक शाहनगर का यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ नाम मात्र का अस्पताल बना रहेगा। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन एवं चुने हुए नेताओं से मांग की है कि जल्द से जल्द सभी स्वीकृत पदों पर नियुक्तियां की जाएं, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## हीरापुर ग्राम पंचायत कार्यालय में दबंगई, कमीशन नहीं देने पर ग्राम रोजगार सहायक से की मारपीट

### आरोपी पर कार्यवाही नहीं होने के कारण पीडितों ने पुलिस अधीक्षक से की कार्यवाही की मांग



**पवई।** जनपद पवई की ग्राम पंचायत हीरापुर के पंचायत भवन में जनसुनवाई के दिन मंगलबार को एक सनसनीखेज मामला सामने आया जब एक दबंग व्यक्ति सतेंद्र तिवारी ने कार्यालय में घुसकर ग्राम रोजगार सहायक के साथ मारपीट कर दी। मोके पर उपस्थित ग्रामीण प्रदोष पाठक एवं सचिव ने बीच बचाव किया। महिला सरपंच रामकली बाई से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा सुदूर मार्ग का निर्माण कार्य जेसीबी मशीन से कराया गया था। जिसको लेकर दबंग पिछले 15 दिन से कमीशन की मांग कर रहा था। जनसुनवाई कार्य के दौरान एक स्थानीय दबंग व्यक्ति सत्येंद्र तिवारी पंचायत कार्यालय में पहुँचा और बिना किसी कारण के ग्राम रोजगार सहायक जीतेन्द्र दुबे के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दबंग का व्यवहार अत्यंत आक्रामक था और उसने सरकारी दस्तावेजों को भी नुकसान पहुँचाने की कोशिश की। घटना के बाद अन्य कर्मचारी डर के मारे इधर-उधर भागते नजर आए। मारपीट की इस घटना से कार्यालय का कामकाज पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही सिमारिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दबंग को थाना लेकर पहुंची परन्तु कोई कार्यवाही न कर महज कुछ हीं घंटे मे आरोपी को छोड़ दिया गया। पीड़ति रोजगार सहायक ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। परन्तु कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण पुलिस अधीक्षक पन्ना से कार्यवाही की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और कर्मचारियों ने आरोपी पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

## रपटा पर बहता पानी ग्रामीणों की मुसीबत, दर्जनों ग्रामों का टूट जाता संपर्क,पाठा नाला पर बना रिपटा के स्थान पर बड़ा पुल बनवाए जाने की पुरजोर मांग,जनपद पंचायत गुनौर की ग्राम पंचायत सिरी का मामला



**अमानगंज।** विधानसभा गुनौर 59 की तहसील अमानगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरी में पाठा नाला जो पहाड़ी नाला है, जिस पर बना रिपटा बहुत नीचा है और रिपटा के दोनों ओर ऊंचाई अधिक है। जिसमें तेज बर्षा से तीव्र गति से रपटा के ऊपर पानी बहता है, जिससे मुख्य मार्ग से कई ग्रामों का संपर्क टूट जाता है। आदिवासी बहुल्य क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिरी, बलगहा, रामपुर, बरौहा, महुवाडाडा, मरहा के लगभग 15 ग्रामों का सतत संपर्क अमानगंज से शिक्षा, स्वास्थ्य खाद्य सामग्री का बना रहता है। पाठा नाला के रिपटा के उपर पानी पहुंचने से इन सभी का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट जाता है जो ग्रामीणों के लिए मुसीबत बना हुआ है। दिनांक 26जून 2025 को तेज बारिश से पाठा नाला में रिपटा के ऊपर तेज बहाव के कारण 4 घंटे तक ग्रामीणों का रास्ता बन्द रहा।बीते समय दिनांक 21 अगस्त 2022 को वर्षा से इस पहाड़ी पाठा नाला में तेज गति से पानी बह रहा था ग्राम सिरी निवासी आसाराम राजपूत जी के रिश्तेदार मृतक कपिल सिंह राजपूत पिता शमशेर सिंह निवासी ग्राम भुडसा जिला कटनी अपनी ससुराल ग्राम सिरी आ रहे थे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल से रिपटा पर निकलने की कोशिश की थी और वह बह गया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पूर्व में भी इस रिपटा में कई घटनाएं हो चुकी है और कई पशुओ की भी मृत्यु हो चुकी है ग्रामों के नागरिक वर्षा काल में अत्यधिक परेशान रहते हैं।ब्लाक कांग्रेस कमेटी अमानगंज की ओर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पन्ना जाकर दिनांक 24 अगस्त 2022 को कलेक्टर पन्ना के नाम पर एस डी एम को ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें प्रमुख मांग की गई पाठा नाला में बना रिपटा के स्थान पर बड़ा पुल का निर्माण करवाया जाए एवं मृतक कपिल सिंह राजपूत के परिवार को आर्थिक सहायता राशि दिलाई जाए।ब्लाक कांग्रेस कमेटी अमानगंज के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की शासन प्रशासन से आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए पुनः आग्रह है, कि शीघ्र ही स्थल निरीक्षण किया जाना चाहिए एवं पाठा नाला में बना रिपटा के स्थान पर बड़ा पुल का शीघ्र निमार्ण कराया जाए, जिससे भविष्य में घटनाओं को रोका जा सके।

## मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये गये आरोपी के विरुद्ध अमानगंज थाना क्षेत्र में की गई वैधानिक कार्यवाही

### आरोपी के कब्जे से 1 किलो 770 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) एवं मोबाइल जप्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये जाने पर 01 आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है ।पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थ (गाँजा) के परिवहन, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मटमैले रंग की धारियों वाली हाफ शर्ट पहनकर हाथ में पीले रंग का प्लास्टिक डिब्बा लिये हुए जिसमें अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) रखा है, महेबा की ओर से पैदल अमानगंज की तरफ आ रहा है।थाना प्रभारी अमानगंज द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा बिना देरी किये करहिया मोड़ पर पहुँचकर मुखबिर द्वारा बताये गये हुलिये के व्यक्ति को आते देखा गया। पुलिस टीम को देखकर उक्त व्यक्ति भागने लगा जिसे घेराबंदी कर मौके पर पकड़ा गया। पूँछताछ पर आरोपी ने अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया ।पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे में रखे प्लास्टिक डिब्बे की तलाशी ली गई जिसमें हल्के हरे रंग की पन्नी में दो पैकेट कुल 1 किलो 770 ग्राम वजनी कीमती लगभग 38,000 रूपये का मादक पदार्थ (गाँजा) पाया गया । मौके पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर थाना अमानगंज लाया गया एवं आरोपी के विरुद्ध थाना अमानगंज में अपराध क्रमांक 192/25 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी**

1. अभिषेक यादव पिता देवसिंह यादव उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 यादव मोहल्ला, थाना देवेंद्रनगर, जिला पन्ना

**जप्त सामग्री** –पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 1 किलो 770 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती लगभग 38,000 रूपये 01 पुराना इस्तेमाली POCO कंपनी का टच स्क्रीन मोबाइल कीमती लगभग 10,000 रूपये 01 पीला प्लास्टिक डिब्बाकुल मशरूका कीमती लगभग 48,000 रूपये जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान** – उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री, सउनि बुद्धीलाल कोल, प्र.आर. राजीव मिश्रा, मुकेश शर्मा, शिवम शर्मा, मुकेश सोनी, लक्ष्मण यादव, म.प्र.आर. जानकी कोंदर, आर. मुनेन्द्र सिंह, प्रमोद पाल, अरविन्द, महिला आर. दीपा गुप्ता एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है।

## अमानगंज क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में मनमर्जी का आलम, फीस के नाम पर छात्र-छात्राओं से हो रही ठगी

**अमानगंज ।** अमानगंज क्षेत्र के दो स्कूलों में छात्र-छात्राओं से शासन के नियमों को तात्पर रखकर एडमिशन के नाम पर छात्रों से मनमानी फीस लेकर साला के प्रभारी द्वारा घोर लापरवाही की जा रही है देखने में आया है कि शासन से निर्धारित नियमों को नियमों को तक पर रखकर मनमानी से फीस वसूली की जा रही है ऐसा ही मामला अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हाई सेकेंडरी स्कूल पगरा एवं महेवा में देखने को मिला कर जहां पर महेवा हाई सेकेंडरी स्कूल में नौवीं क्लास नौवीं क्लास में एडमिशन फीस 1350 में और दशमी में 2150 एवं 11वीं में 1500 रुपया एवं 12वीं क्लास में 2300 लिए जा रहे हैं वहीं पर जब पगरा हाई सेकेंडरी स्कूलसे जानकारी ली गई तो बताया गया कि नवमी में 1000 दशमी में 1850 11वीं में 770 एवं 12वीं में 1970 लेकर छात्र-छात्राओं को एडमिशन दिया जा रहा है एवं दूसरी तरफ नगर के प्रमुख शैक्षणिक संस्था हाई सेकेंडरी स्कूल में 950 रुपया नवमी क्लास एडमिशन फीस ली जा रही है दसवीं क्लास 1750 ग्यारहवीं 650 और 12वीं क्लास में 1850 रुपए लिए जा रहे हैं एवं कन्या शाला के प्रभारी प्रचार द्वारा जानकारी दी गई यदि किसी के पास संबल योजना का कार्ड है तो उनकी फीस की जाएगी।

## पिपरवाह पेट्रोल पंप के पास मोटर बाइक और ट्रैक्टर के बीच हुई टक्कर, बाइक में सवार तीन लोग हुए घायल

**अमानगंज।** शुक्रवार की दोपहर लगभग 2:00 से 3:00 के बीच एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है जिसमें तीन लोग घायल बताये जा रहे हैं, प्राप्त जानकारी के अनुसार अमानगंज से पन्ना मार्ग पर पिपरवाह पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार मोटर बाइक और ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें मोटर बाइक में सवार तीन लोग घायल हो गए। जिनमें कृष्णा कुमारी पिता गबरू चौधरी उम्र 18 वर्ष, राजू पिता मुन्ना चौधरी उम्र 19 वर्ष एवं राजगोपाल पिता गबरू चौधरी उम्र 20 सभी निवासी पिपरवाह। इस सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका उपचार अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

**खबर संक्षेप**

## शोकाकुल परिवारों से मिलने पहुंचे राजनगर विधायक, जताया शोक



**राजनगर।** विधानसभा क्षेत्र के दो निवासियों की असमय मृत्यु ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक ने जिला अस्पताल पहुंचकर शोकसंतप्त परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। विधायक ने अस्पताल प्रबंधन को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए और परिवार को हरसंभव मदद व न्याय का आश्वासन दिया। इस घटना को क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की। शुक्रवार को राजनगर विधानसभा क्षेत्र के सूरजपुरा निवासी पटवारी प्राण सिंह आदिवासी और छन्नू यादव की असमय मृत्यु की खबर मिलने पर विधायक अरविंद पटैरिया तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने शोकसंतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और अस्पताल प्रबंधन को शवों के पोस्टमार्टम के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पटैरिया ने कहा कि प्राण सिंह और छन्नू यादव का निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने परिवार को हरसंभव सहायता और न्याय का भरोसा दिलाया। विधायक ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इस कठिन घड़ी में पूरा क्षेत्र परिवार के साथ खड़ा है। प्राण सिंह और छन्नू यादव की मृत्यु से उपजे शोक के बीच विधायक ने परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अस्पताल में मुलाकात के दौरान परिवार को भावनात्मक समर्थन दिया और उनकी हर संभव मदद करने का वादा किया। अरविंद पटैरिया ने जिला अस्पताल पहुंचकर प्राण सिंह आदिवासी और छन्नू यादव के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह दुखद घटना सभी के लिए पीड़ादायक है। विधायक ने अस्पताल प्रशासन को पोस्टमार्टम प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि परिवार को जल्द से जल्द शव सौंपे जा सकें। उन्होंने परिवार को आश्वस्त किया कि इस मामले में पूरी जांच होगी।

## चंदौरा में होगा विवाह वाटिका और श्मशान घाट का निर्माण, हुआ भूमि पूजन

### जल संवर्धन कार्यक्रम का लोकार्पण, ग्रामीण विकास के लिए विशेष योजना की घोषणा

**नौगांव।** चंदौरा गांव में शुक्रवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में आयोजित एक समारोह में विवाह वाटिका और श्मशान घाट निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। साथ ही जल संवर्धन कार्यक्रम का लोकार्पण भी हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास के लिए कई योजनाओं की घोषणा की गई, जिसमें गांव को



सुंदर बनाने और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने पर जोर दिया गया। चंदौरा ग्राम पंचायत में शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह भवन राजा और विशिष्ट अतिथि महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह मौजूद रहे। नौगांव नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, जनपद सीईओ प्रभास कुमार, इंजीनियर, सरपंच अंजलि आलोक सक्सेना और सचिव भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। समारोह की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई और इसका संचालन प्रतीक सक्सेना ने किया। इस दौरान 20 लाख रुपये की लागत से विवाह वाटिका और विधायक निधि से 7 लाख रुपये की लागत से श्मशान घाट निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। साथ ही, 30 मार्च से शुरू हुए और 30 जून तक चले जल संवर्धन कार्यक्रम का लोकार्पण भी किया गया। विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से महाराजपुर विधानसभा के सभी गांवों में विवाह वाटिका बनाई जाएगी। उन्होंने गांव को सुंदर बनाने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने और ग्रामीणों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की बात कही। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के अलावा विधायक निधि से भी असमर्थ लोगों के इलाज की व्यवस्था की जाएगी।

# पटवारी और उसके दोस्त की संदिग्ध मौत से फैली सनसनी

### हत्या और आकाशीय बिजली के बीच उलझा मामला

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस



**छतरपुर।** जिले के बमीठा थाना क्षेत्र की चंद्रनगर चौकी अंतर्गत सूरजपुरा गांव में एक पटवारी और उनके दोस्त की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। बताया गया है कि दोनों के शव खेत में पड़े मिले हैं। मृतकों के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है, जबकि पुलिस प्रारंभिक जांच में आकाशीय बिजली को मौत का कारण मान रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल और राजनगर अस्पताल भेजा गया। वहीं घटना की सूचना पर राजनगर विधायक भी जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस, एफएसएल जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कह रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सूरजपुरा निवासी पटवारी प्राण सिंह आदिवासी (50 वर्ष) गांव के ही रहने वाले अपने दोस्त छन्नू यादव (45 वर्ष) के साथ गुरुवार की शाम को खेत पर गए थे, लेकिन रात तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन दोनों के फोन बंद थे। शुक्रवार की सुबह जब प्राण सिंह का पुत्र खेत पर पहुंचा तो, दोनों के शव पड़े मिले। इसके बाद प्राण सिंह को निजी वाहन से तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनकी मौत की पुष्टि हुई, जबकि छन्नू का शव पुलिस ने खेत से उठाया।

### पुत्र ने किया हत्या होने का दावा -

मृतक प्राण सिंह के पुत्र कमलेश आदिवासी ने बताया कि उनके पिता राजनगर तहसील के उमरिया हल्का में पटवारी थे और हाल ही में बकस्वाहा तबादले के बाद ज्वाइन कर चुके थे। गुरुवार शाम को वे रोज की तरह खेत पर गए थे, साथ में छन्नू यादव भी थे। रात तक दोनों घर नहीं लौटे और उनके फोन बंद थे। मौसम खराब होने के कारण परिजनों ने रातभर इंतजार किया। शुक्रवार सुबह कमलेश



खेत पर पहुंचे तो दोनों के शव पड़े मिले। प्राण सिंह को प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी मौत की पुष्टि की। छन्नू की मौत स्पष्ट होने के कारण उनका शव खेत पर ही रहा, जिसे बाद में पुलिस ने उठाया। कमलेश ने बताया कि प्राण सिंह के गले पर निशान और छन्नू के कान व पैरों पर खून के निशान थे, जो मारपीट और हत्या की ओर इशारा करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पिता को प्रशासनिक तौर पर प्रताड़ित किया जा रहा था, पिछले एक साल में उनका तीन बार तबादला किया गया। वहीं मृतक प्राण सिंह की पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पार्वती आदिवासी ने कहा कि उनके पति का तबादला राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया के दबाव में बकस्वाहा किया गया था। बकस्वाहा में उन्होंने ज्वाइन भी कर लिया था। पार्वती ने हत्या की आशंका जताते हुए कहा कि उनके पति के गले पर निशान और छन्नू के शरीर पर खून के निशान साफ तौर पर मारपीट का संकेत देते हैं।

### एएसपी ने कहा- आकाशीय बिजली से मौत की संभावना -

वहीं इस मामले में एएसपी विदिता डागर ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आकाशीय बिजली से मौत का प्रतीत होता है। हालांकि, परिजनों के हत्या के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए एफएसएल टीम को घटनास्थल पर भेजा गया है, जो बारीकी से जांच कर रही है। प्राण सिंह का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में और छन्नू का पोस्टमार्टम राजनगर अस्पताल में किया गया। एएसपी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने परिजनों के आरोपों को ध्यान में रखते हुए सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।

## लूट के आरोपियों से जंगल में हुई पुलिस की मुठभेड़

### एक आरोपी का हुआ शॉर्ट एनकाउंटर, तीन गिरफ्तार



**नौगांव।** थाना क्षेत्र के दौरिया गांव के रहने वाले तीन बदमाशों को उत्तर प्रदेश पुलिस ने शुक्रवार सुबह महोबा जनपद के अजनर थाना क्षेत्र में शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस की गोली से वह घायल हो गया। दो अन्य बदमाशों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने इनके पास से अवैध तमंचा, कारतूस, बाइक, नकदी, और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 दिन पहले आरोपियों ने उत्तरप्रदेश के एक शराब ठेके पर लाखों की लूट की थी। इसी मामले में उत्तरप्रदेश उनकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार की सुबह महोबा जनपद के अजनर थाना क्षेत्र के सींगौन जंगल में उत्तर प्रदेश पुलिस और छतरपुर के नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम दौरिया निवासी बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि ये बदमाश क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। जब पुलिस ने इन्हें रोकने की कोशिश की, तो एक बदमाश ने पुलिस पर फायर कर दिया। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें राकेश प्रजापति उर्फ रक्कू (33 वर्ष) के बाएं पैर में गोली लगी। अन्य दो बदमाश, लक्ष्मण कुशवाहा (22 वर्ष) और मदन कुशवाहा (31 वर्ष), मोटरसाइकिल सहित भागने की कोशिश में थे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। तलाशी में पुलिस ने 3,10,000 रुपये नकद, एक 315 बोर तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की काली पल्सर मोटरसाइकिल, और दो नए मोबाइल फोन (लगभग 45,000 रुपये कीमत) बरामद किए। पुलिस ने घायल राकेश को अस्पताल में भर्ती कराया और तीनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू की।

### आरोपियों का आपराधिक इतिहास

गिरफ्तार बदमाशों का आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया है, जिसमें शराब ठेके की लूट के अलावा अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं। पुलिस अब मध्य प्रदेश के थानों से उनके रिकॉर्ड की जांच कर रही है। राकेश प्रजापति उर्फ रक्कू के खिलाफ जालौन, उत्तर प्रदेश के कोतवाली उरई थाने में दो मुकदमे दर्ज हैं: मु.अ.सं. 881/19 (धारा 04/25 आर्म्स एक्ट) और मु.अ.सं. 884/19 (धारा 41/411 आईपीसी)। वह शराब ठेके की लूट सहित अन्य अपराधों में वांछित था। लक्ष्मण कुशवाहा और मदन कुशवाहा भी इस लूट में शामिल थे और उनके खिलाफ दर्जनों मुकदमे हैं। मध्य प्रदेश के नौगांव और अन्य थानों से उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि ये बदमाश संगठित गिरोह के तौर पर काम करते थे और क्षेत्र में लूट व अन्य अपराधों को अंजाम दे रहे थे।

## करंट से हुई भैंस की मौत, किसान ने मांगा मुआवजा



**ईशानगर।** शुक्रवार को बिजली विभाग की लापरवाही के कारण नगर में एक गर्भवती भैंस की करंट लगने से मौत हो गई। किसान ने बताया कि खेत में एक महीने से टूटा बिजली खंभा और तार पड़ा था, जिसकी शिकायत बार-बार करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। भैंस की कीमत 80 हजार रुपये बताई जा रही है, और किसान ने मुआवजे की मांग की है।

ईशानगर निवासी मोहन कुशवाहा (35 वर्ष) ने बताया कि भेलसी रोड पर उनके खेत में एक महीने पहले आंधी-तूफान के कारण बिजली खंभा टूट गया और तार खेत में पड़े थे। बिजली विभाग को कई बार शिकायत की गई, लेकिन न खंभा ठीक किया गया और न ही बिजली सप्लाई बंद की गई। शुक्रवार को उनकी गर्भवती भैंस करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। मोहन ने भैंस की कीमत 80 हजार रुपये बताई और बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उचित मुआवजे की मांग की।

### सर्पदंश से 7 साल की मासूम की मौत

## कच्चे मकान और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी ने छीनी जिंदगी



**बकस्वाहा।** क्षेत्र के देवपुर गांव में सात साल की रितिका की सर्पदंश से दर्दनाक मौत हो गई। गरीबी के कारण कच्चे मकान में रहने को मजबूर परिवार और अंधविश्वास के चलते समय पर इलाज न मिलने से मासूम की जिंदगी चली गई। इस घटना ने स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और सरकारी योजनाओं की नाकामी को उजागर किया है।

प्राप्त जानकारी के मुताकिब गुरुवार की रात करीब 2 बजे देवपुर निवासी दिनेश लोधी की बेटी रितिका को सांप ने काट लिया। परिजन उसे स्थानीय डॉक्टर और फिर बगाज माता के पास ले गए, लेकिन रितिका ने दम तोड़ दिया। शुक्रवार को बकस्वाहा में शव का पोस्टमार्टम हुआ। दिनेश ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की दो किस्तें मिलने के बावजूद तीसरी किस्त न मिलने से उनका मकान कच्चा रह गया, जहां सांपों का खतरा बना रहता है। डॉ. सत्यम असाटी ने कहा कि अंधविश्वास के कारण लोग झाड़-फूंक में समय गंवाते हैं, जबकि तुरंत अस्पताल पहुंचने से जिंदगी बच सकती है। रितिका की मौत ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं और जागरूकता की कमी को उजागर किया। रितिका के पिता दिनेश लोधी ने बताया कि कच्चे मकान में रहने के कारण सांप और कीड़े आना आम बात है।

### राष्ट्र उदय पार्टी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा आवेदन

# पिछड़े समाज के साथ हो रहे अपराधों पर जताई नाराजगी



**छतरपुर।** राष्ट्र उदय पार्टी ने छतरपुर में अति पिछड़े और शोषित समाज के खिलाफ बढ़ते अत्याचार और अन्याय के मुद्दे पर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन सौंपा। पार्टी ने डकैती, अपहरण, लूट, और बलात्कार जैसी घटनाओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की। राष्ट्र उदय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूराम पाल ने बताया कि इसमें मध्य प्रदेश में अति पिछड़े और शोषित समाज के खिलाफ डकैती, अपहरण, लूट, और बलात्कार जैसी घटनाओं का जिक्र किया गया। नौगांव के कुम्हार टोली में पंकज प्रजापति की हत्या, आशीष प्रजापति पर गोलीबारी, टीकमगढ़ के दिनऊ में मथुरा प्रसाद रेकवार की हत्या, चंदेरा में मीरा रेकवार के साथ अश्लील हरकत, और निबावरी में हनु रैकवार के घर लूट की घटनाओं का उल्लेख किया गया। पार्टी ने आरोप लगाया कि कई मामलों में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। भागीदारी न्याय मोर्चा और बीर फूलन देवी जन संगठन ने प्रशासन से पिछड़े समाज की महिलाओं और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की, अन्यथा प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी।

## विश्वविद्यालय के सैकड़ों बच्चों को रिजल्ट में मिले शून्य अंक

### विद्यार्थी परिषद ने किया उग्र प्रदर्शन, पुलिस से भी हुई झड़प



**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने रिजल्ट में कथित अनियमितताओं के खिलाफ जंगी प्रदर्शन किया। सैकड़ों छात्रों को इतिहास और अंग्रेजी जैसे विषयों में शून्य अंक देने और उपस्थित छात्रों को अनुपस्थित दिखाने के आरोपों ने आक्रोश को हवा दी। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासनिक भवन में तालाबंदी की और धरना दिया, जिसके बाद पुलिस और विश्वविद्यालय कर्मचारियों से उनकी तीखी झड़प हुई। करीब दो घंटे तक चले हंगामे के बाद कुलगुरु और एसडीएम को समस्याएं बताई गईं। विद्यार्थी परिषद ने सात दिन में जांच और कार्रवाई की मांग की, अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है।

जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 12 बजे विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन पहुंचे और तालाबंदी कर दी। जवाब में कर्मचारियों ने अंदर से ताला लगा लिया, जिसके बाद नारेबाजी तेज हो गई। सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, लेकिन इससे तनाव बढ़ गया और झड़प हो गई। करीब दो घंटे तक हंगामा चला। कुलसचिव प्रदर्शनकारियों से मिलने आए, लेकिन उन्हें मिलने से इनकार कर दिया गया। बाद में एसडीएम अखिल राठौर और कुलगुरु शोभा तिवारी मौके पर पहुंचे, जिनके सामने कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएं रखीं। विद्यार्थी परिषद ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन ने हाल ही में कार्यकर्ताओं का अपमान किया और रिजल्ट में घोर अनियमितताएं कीं। संगठन ने कुलगुरु की तानाशाही और कथित घोटालों के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन में विभाग संयोजक अभिनव चक्रवर्ती, जिला संयोजक सत्यम विश्वकर्मा, राजदीप तिवारी, कृतिका मिश्रा, आकाश दीक्षित, शैलेंद्र सिंह, विवेक सिंह, जनार्दन पटना सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### रिजल्ट में अनियमितता का आरोप

छात्रा हिमांशी गोस्वामी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने इतिहास और अंग्रेजी विषयों के लगभग आधे छात्रों को शून्य अंक दिए हैं। कई छात्रों ने परीक्षा में हिस्सा लिया, फिर भी उन्हें अनुपस्थित दिखाया गया, जबकि कुछ का रिजल्ट वेटिंग में डाल दिया गया। इन गड़बड़ियों ने छात्रों के भविष्य को खतरे में डाल दिया है, जिससे आक्रोश फैल गया। हिमांशी ने कहा कि यह विश्वविद्यालय प्रबंधन की लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैये का परिणाम है। वहीं विद्यार्थी परिषद के विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि संगठन 75 वर्षों से छात्र और राष्ट्रहित में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में घोषित रिजल्ट में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं, जैसे सैकड़ों छात्रों को शून्य अंक देना और उपस्थित छात्रों को अनुपस्थित दिखाना। शैलेंद्र ने कहा कि कुछ दिन पहले विश्वविद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं का अपमान किया, जिसने प्रदर्शन को और उग्र कर दिया। संगठन ने विश्वविद्यालय में कथित छोटे-बड़े घोटालों और कुलगुरु की तानाशाही के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने मांग की कि सात दिन के भीतर रिजल्ट की गड़बड़ियों की जांच हो, दोषियों पर कार्रवाई हो, और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ रोका जाए। शैलेंद्र ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी न हुईं, तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने प्रदर्शनकारियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी ने कहा कि छात्रों की शिकायतों की जांच की जाएगी और उचित कदम उठाए जाएंगे।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, चार घायल



**बमीठा।**

थाना क्षेत्र की चंद्रनगर चौकी अंतर्गत शिवराजपुरा गांव में गुरुवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां एक को मृत घोषित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिवराजपुरा के संतोष मास्टर के खेत की टपरिया में बारिश के दौरान रतिराम कुशवाहा (50), करन कुशवाहा (25), गेंदा लाल कुशवाहा (35), हेम सिंह यादव (35) और राममिलन यादव (50) बैठे थे, तभी आकाशीय बिजली गिरी। राममिलन यादव की मौके पर मौत हो गई, जबकि अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों और ग्रामीणों ने घायलों को फोरव्हीलर से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राममिलन को मृत घोषित किया। घायलों का इलाज जारी है। बमीठा टीआई अशतोष श्रोत्रिय और चंद्रनगर चौकी प्रभारी शैलेंद्र चौरसिया पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की।



## पर्यवेक्षक ने कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को दी गति

### कांग्रेसियों के साथ की बैठक, सर्किट हाउस में हुआ विचार-विमर्श

**छतरपुर।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को अंतिम रूप देने के लिए झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं पर्यवेक्षक बन्ना गुप्ता ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए विचार-विमर्श हुआ और कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव साझा किए। बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों को साझा करते हुए गुप्ता ने संगठन को सशक्त बनाने पर जोर दिया।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता संतोष तिवारी के अनुसार, कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने के लिए अपने सुझाव रखे। गुप्ता ने राष्ट्रीय नेतृत्व की मंशा से सभी को अवगत कराया और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने की अपील की। बैठक में दिवंगत कार्यकर्ता राजू प्रजापति को मौन श्रद्धांजलि दी गई। सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक रुद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी, विक्रम सिंह नातीराजा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महाप्रसाद पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष लखनलाल पटेल, महारानी कविता सिंह, प्रदेश कांग्रेस सचिव अनीस खान, और अन्य प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया। उपस्थित नेताओं में कार्यकारी अध्यक्ष गगन यादव, कैलाश कुशवाहा, दीप्ति पांडे, आदित्य सिंह, अशोक मिश्रा, सूर्य प्रताप सिंह बुंदेला, हरप्रसाद अनुरागी, आविद सिद्दीकी, मो. हनीफ, रक्षपाल सिंह यादव, ज्ञानेंद्र सिंह परमार, शिवानी चौरसिया, प्रियंका अग्रवाल, हरनारायण यादव, जयेन्द्र श्रीवास्तव, दीपांशु यादव, राज बहादुर सिंह, रामबाबू राजपूत, केपी अनुरागी, बी.एल. राय, संजय चौरसिया, अभिलेख खरे, विवेक अग्रवाल, नरेश पटेल, जय प्रकाश असाटी, गोरेलाल राजपूत आदि शामिल थे।

# पोषण आहार के नाम पर सड़ा गला अनाज, पैरों से रौंद कर तैयार हो रहा गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए दलिया और पंजीरी, गंभीर लापरवाही का खुलासा, वायरल वीडियो ने खोली पोल

**रीवा । जिले के पहाड़िया में संचालित टीएचआर प्लांट में पोषण आहार के नाम पर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। बता दे यहां पर पैरों से रौंद कर सड़े गले अनाज से पोषक आहार बनाने का वीडियो सामने आया है। इसी तरह के और भी कई वीडियो सामने आए हैं, बता दे यह टेक होम राशन प्लांट है, जो आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए पोषण आहार तैयार करता है,वीडियो में जहां एक तरफ अनाज को पैरों से मशीन में भरा जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ अनाज सड़ा गला और काफी खराब किस्म का भी नजर आ रहा है। पूरे मामले की मौखिक शिकायत जिला कलेक्टर प्रतिभा पाल से की गई है, जिसके बाद कलेक्टर ने सीईओ को मौके पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।**

पहाड़िया टीएचआर प्लांट, रीवा, मध्य प्रदेश में एक टेक होम राशन प्लांट है, जो आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए पूरक पोषण आहार तैयार करता है। यह प्लांट विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों के लिए पोषण प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है। पहाड़िया टीएचआर प्लांट, जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरित किए जाने वाले टेक होम राशन का उत्पादन करता है। टीएचआर गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों के लिए एक पूरक पोषण आहार है, जो कुपोषण से निपटने में मदद करता है। यह प्लांट, स्थानीय महिलाओं द्वारा संचालित किया जाता है और इसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और समुदाय में पोषण के स्तर में सुधार करना है। बॉक्स पूरे विंध्य क्षेत्र आंगनवाड़ियो में भेजा जाता पोषण आहारबताया जा रहा है की पहाड़िया स्थित टेक होम राशन प्लांट को स्थानीय महिला समूह द्वारा बड़े पैमाने पर संचालित किया जाता है. इस प्लांट में तैयार हो रहा पोषण आहार



रीवा संभाग के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को सप्लाई किया जाता है,टेक होम राशन प्लांट का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के साथ उन्हें रोजगार और पोषण आहार उपलब्ध कराना है,वहीं प्लांट की देखरेख जिला पंचायत करता है,लेकिन गुरुवार को वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन की लापरवाही सामने आई है। बॉक्स कलेक्टर ने दिए



जांच करने के निर्देशगर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए एक पूरक पोषण आहार है, जो कुपोषण से निपटने में मदद करता है. यह प्लांट, स्थानीय महिलाओं द्वारा संचालित किया जाता है और इसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और समुदाय में पोषण के स्तर में सुधार करना है. इस पूरे मामले में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि पहाड़िया टीएचआर प्लांट से संबंधित मामला सामने आया है. मैं जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दे रही हूं कि वो खुद मौके पर जाकर निरीक्षण करें और स्थिति का जायजा लें. वहां किस तरह का पूरक पोषण आहार निर्मित किया जा रहा है और किस तरह के अनाज का उपयोग किया जा रहा है,इसका संचालन अभी वर्तमान में जिला पंचायत के द्वारा किया जा रहा है। बॉक्स पोषण आहार में भारी लापरवाही वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजसेवी बीके माला ने इस कृत्य को शर्मनाक बताते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा के मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि दलिया और पंजीरी जैसी सामग्रियों में गुणवत्ताहीन सामग्री मिलाई जा रही है। माला ने कहा कि पोषण आहार की तैयार प्रक्रिया में न केवल ध्यानहीनता है, बल्कि इसमें मिलावट भी की जा रही है। दाल और सोयाबीन जैसी प्रोटीनयुक्त चीज़ों की मात्रा घटाकर गेहूं की मात्रा बढ़ाई जा रही है और महंगे तत्व बाजार में बेचे जा रहे हैं। समाजसेवी के अनुसार, इस तरह का भोजन गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए बेहद नुकसानदेह है और इससे कुपोषण के मामले बढ़ सकते हैं। उन्होंने प्लांट इंचार्ज सहित संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### सेना के जवान ने पत्नी पर लगाया धोखाधड़ी और मानसिक प्रताड़ना का आरोप, पीड़ित ने बैकुंठपुर थाना में दर्ज कराई शिकायत

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पाली गांव के सेना के जवान ने अपनी पत्नी के खिलाफ धोखधड़ी की शिकायत करते हुए जान माल सुरक्षा की गुहार लगाई है। पूरे मामले की शिकायत पीड़ित जवान ने बैकुंठपुर थाना में दर्ज करवाई है। पीड़ित पति सेना के जवान ने थाने पहुंचकर पत्नी पर धोखाधड़ी कर शादी रचाने और जान देने के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पीड़ित अनिल कुमार साकेत निवासी ग्राम पाली पोस्ट जामू थाना बैकुंठपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि वह भारतीय सेना में जवान के पद पर पदस्थ है और वर्तमान में उसकी पुंछ में पोस्टिंग है। पीड़ित के मुताबिक 22 अप्रैल साल 2024 को उसकी शादी ग्राम उर्दनी पोस्ट करही कला विकासखंड उचेहरा जिला मैहर में रहने वाले साकेत परिवार की पुत्री के साथ पूरे हिन्दू रीतिरिवाज के साथ संपन्न हुई थी। पीड़ित का आरोप है की लड़की के परिवारजनों ने यह झूठ बोलकर उसके साथ शादी संपन्न कराई थी कि लड़की की यह पहली शादी है, जबकि पीड़ित की पत्नी का विवाह साल 2021 में पहले कराया जा चुका था और पुराने पति से दहेज प्रताडऩा में फंसा कर लाखों रुपए भी वसूले गए थे। इसके अलावा पीड़ित ने पत्नी की तीन बार सगाई होने का भी आरोप लगाया। उक्त संबंध में जानकारी होने के बाद जब पीड़ित ने पत्नी सहित उसके परिवार जनों से इस बात की जानकारी ली तो उसे डराया और धमकाया गया। पीड़ित ने बताया कि ड्यूटी के दौरान उसकी पत्नी घर से सभी सोने के जेवरात और तकरीबन 5 लाख कैश बिना बताए लेकर मायके चली गई थी, जिसे वापस मांगने पर उसके परिवार जनों ने पीड़ित के साथ हाथापाई तक कर डाली। फिलहाल पीड़ित पति ने पत्नी की पूर्व में हुई शादी और सगाई के तमाम सबूत एकत्रित कर रखे हैं, वही उसे अब पत्नी से भय भी सताने लगा है। सेना के जवान ने बताया कि पत्नी उसे खुद को गोली मारकर अपनी जान देने के लिया उकसाती है और झूठे केस में भी फसाने की धमकी देती है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईव्हीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**रीवा ।** विभानसभा निर्वाचन 2023 तथा लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान में उपयोग की गई ईव्हीएम इंजीनियरिंग कालेज के समीप बनाए गए ईव्हीएम वेयर हाउस में सुरक्षित रखी गई हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ईव्हीएम वेयरहाउस का प्रत्येक त्रैमास में निरीक्षण किया जाता है। इस क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ईव्हीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, प्रभारी अधिकारी ईव्हीएम तथा कार्यपालन यंत्री आदित्य सिंह, नोडल अधिकारी फैज मोइन सिद्दीकी उपस्थित रहे।

### अलग अलग हादसों में किशोर सहित तीन की हुई मौत

**कटनी।** बड़वारा एवं बाकल थाना क्षेत्र में हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरेहटा निवासी एक महिला की कार की टक्कर से मौत हो गई है। बताया जाता है कि देववती पति चंद्रभान 70 निवासी खरेहटा थाना बड़वारा की कार की टक्कर लग जाने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है। इसी तरह बाकल थाना क्षेत्र अंतर्गत आकाश कुमार पिता मुरली 19 निवासी सलैया खुर्द की एक्सीडेन्ट में आई चोटों के कारण मौत हो गई है।

## रीजनल इंडस्ट्री स्किल एण्ड इम्पलायमेंट कॉन्क्लेव में हुआ 56 करोड़ ऋण वितरण, ऋण राशि का सही उपयोग कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें

**रीवा।** जिले में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में रीजनल इंडस्ट्री स्किल एवं इम्प्लायमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के रतलाम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने रीवा के दो सफल उद्यमियों फोर्टिफाइड चावल बनाने वाले दिनेश गुप्ता तथा सीमेंट बैग एवं टेक्सटाइल यूनिट चलाने वाले जयराम खन्ना से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने दोनों उद्यमियों के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सागर, पीथमपुर, अलीराजपुर के भी सफल उद्यमियों से संवाद किया। एमएसएमई विभाग तथा उद्योग विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को 56 करोड़ रुपए की ऋण और अनुदान राशि का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए स्वरोजगारियों को प्रोत्साहित किया है। जिले में लघु एवं मध्यम उद्योगों को चलाने वाले तथा स्वसहायता समूह बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। स्वनिधि योजना के हितग्राही, स्वसहायता समूह की महिलाएं तथा छोटे उद्यमी जिम्मेदारी से अपना लोन चुकाते हैं। शासन की योजनाओं का लाभ लेकर ऋण राशि का सही उपयोग करें। अपने उद्यम का जिम्मेदारी से संचालन करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। अपने साथ-साथ अन्य लोगों को भी रोजगार का अवसर दें। प्रशासन और बैंक आपकी पूरी मदद कर रहे हैं। पूरे देश में लघु और मध्यम उद्योगों की भागीदारी 33 प्रतिशत से अधिक है। समारोह में विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि रीवा में लघु उद्यमी तथा महिला स्वसहायता समूह बहुत



अच्छा कार्य कर रहे हैं। उनकी सफलता की कहानियाँ सबके लिए प्रेरक हैं। प्रदेश के विकास और रीवा की उन्नति में महिलाएं सराहनीय योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार एमएसएमई तथा उद्योग विभाग की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को आज एक मंच पर लेकर आने का अवसर मिला है। आप सब एक-दूसरे से संवाद करके सफलता के मंत्र साझा करें। जिले में कई महिला स्वसहायता समूह बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं। इनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ जागरूकता और आत्मविश्वास की भी सौगात मिली है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आज विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को 56 करोड़ की ऋण राशि वितरित की जा रही है। जिले के औद्यौगिक केन्द्र घूमा का मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया है। यहाँ औद्योगिक इकाईयों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है। यहाँ से कई इकाईयाँ स्थापित हो जाएंगी। कॉन्क्लेव में महिला स्वसहायता समूहों तथा लघु उद्यमियों ने अपने सफलता के अनुभव बांटे। कार्यक्रम में सफल उद्यमी श्रीमती राखी सिंह, प्रशस्ति पाण्डेय, शिवकुमार सोनी, गुलशन साकेत, प्रहलाद सिंह, दिलीप तिवारी, राजीव सोनी, योगेन्द्र मिश्रा, श्वेता पाण्डेय, विजय द्विवेदी, सौरभ पटेल, कृष्णा तिवारी, सीता यादव, रेशमा बानो, रूपा विश्वकर्मा, गीता त्रिपाठी, तारावती चौधरी तथा अन्य उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला पंचायत सदस्य तथा उद्योग एवं सहकारिता समिति की अध्यक्ष डॉ संगीता सोनल शर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्री देवेन्द्र शुक्ला, क्षेत्रीय संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी, एलडीएम जगमोहन, स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्वरोजगारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

## पाक्सो एवं एट्रोसिटीज एक्ट के आरोपी को न्यायालय ने किया दोषमुक्त



**रीवा।** विशेष न्यायालय पाक्सो एक्ट रीवा ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय में मैनुद्दीन शाह निवासी बैकुंठपुर, जिला रीवा को पाक्सो एक्ट एवं एट्रोसिटीज एक्ट के तहत लगे आरोपों से बरी कर दिया है। न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में यह फैसला सुनाया। आरोपी की ओर से पैरवी अधिवक्ता विक्रम सिंह एवं सहयोगी कृष्नेंद्र सिंह सेंगर द्वारा की गई। मिली जानकारी के अनुसार, प्रकरण वर्ष 2023 का है जब बैकुंठपुर थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की ने मैनुद्दीन शाह पर छेड़छाड़, गाली-गलौच और मारपीट के आरोप लगाए थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354, 294, 323 भा.दं.सं. के साथ-साथ पाक्सो एक्ट की धारा 4 और 8 तथा अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(11) के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश श्रीमती पद्मा जाटव की अदालत में हुई। न्यायालय में प्रस्तुत गवाहियों और साक्ष्यों का विश्लेषण करने के बाद अदालत ने यह पाया कि अभियोजन पक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त और ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस आधार पर आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया। आरोपी की ओर से केस की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम सिंह ने बताया कि प्रारंभ से ही मामला झूठे आरोपों पर आधारित था। पुलिस विवेचना में भी कई तथ्य अस्पष्ट पाए गए थे, जिसके कारण न्यायालय में अहम फैसला सुनाया है सहयोगी अधिवक्ता कृष्नेंद्र सिंह सेंगर ने इसे न्याय की जीत बताया।

### पति की हत्या करने वाली महिला को उम्रकैद की सजा

**रीवा ।** पति की हत्या करने वाली पत्नी को न्यायालय ने आजीवन कारावास और वे हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। महिला ने अवैध संबंधों का विरोध करने पर पति की हत्या कर दी थी। रामपुर नैकिन थाना के खट्टी निवासी छोटेलाल कोल (35) थाना सिविल लाइन क्षेत्र के डेकहा में रहकर मजदूरी करता था। वह निर्माणाधीन मकान में काम करने के साथ-साथ रात में वहां चौकीदारी भी करता था। 4 मार्च 2023 को छोटेलाल का पत्नी गोल्डी से विवाद हो गया था। विवाद के बाद महिला ने रात में सोते समय पास रखे पटरे से हमला कर पति की हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने झूठी कहानी गढ़ते हुए पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले का खुलासा कर हत्या का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने जांच पूरी कर मामला न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई चौदहवे अपर सत्र न्यायालय में हुई, जहां अभियोजन की ओर से एड. डीएन मिश्रा ने पक्ष रखा। साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने महिला को दोषी पाते हुए उम्रकैद और जुर्माने की सजा सुनाई।

## विंध्य क्षेत्र में हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए उप मुख्यमंत्री और एलायंस एयर के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल से दिल्ली में एलायंस एयर के चेयरमैन अमित कुमार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजर्षी सेन ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विंध्य क्षेत्र सहित मध्यप्रदेश में हवाई सेवाओं के विस्तार एवं संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा, सतना और विंध्य क्षेत्र के महत्वपूर्ण नगरों में एयर कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में हवाई सेवाएं आमजन के लिए सुलभ और सस्ती बनाई जा रही हैं, और मध्यप्रदेश सरकार इस दिशा में हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने एलायंस एयर को रीवा एवं विंध्य क्षेत्र की आर्थिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक विशेषताओं की जानकारी दी और कहा कि यहां एयर कनेक्टिविटी बढ़ने से पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं निवेश के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति होगी। बैठक में रीवा से महानगरों के लिए सीधी उड़ानों की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

## सड़क पर खड़े बल्कर में पीछे से तेज रफ्तार पिकअप में मारी टक्कर, एक की मौत गुढ़ थाना क्षेत्र के बदवार टनल के पास हआ हादसा



**रीवा।** जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बदवार टनल के पास बीती रात सड़क के किनारे खड़े बल्कर ट्रक और पिकअप वाहन के बीच जोरदार टक्कर हुई, दोनों के बीच भिड़ंत इतनी तेज हुई कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए साथ ही पिकअप वाहन के मालिक की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बल्कर और पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है, जबकि बल्कर ट्रक सवार चालक खलासी की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बदवार सोलर प्लांट के समीप बीती रात्रि ट्रक और पिकअप वाहन सीधी की तरफ से रीवा मनगवां क्षेत्र जा रहा था, तभी सामने से आ रहे बल्कर ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर मृतक को पिकअप से बाहर निकाला और पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया जहां पीएम उपरांत शव परिजनों को सौप दिया गया है। घटना में अमित साकेत निवासी ग्राम ग्राम कुबरी जिला सीधी की मौत हो गई। मृतक के दोस्त सुनील चौधरी नेबताया कि अमित बीती रात्रि अपने चालक और खलासी के साथ पिकअप में सवार होकर सीधी से मंनगवा समान लोड करने जा रहा था। बताया गया कि जैसे ही टनल क्रॉस करके बदवार सोलर प्लांट के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे ट्रक से पिकअप की सीधी टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में अमित की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं चालक और खलासी मौके से फरार हो गए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## तीन महीने से राशन के लिए भटक रहे ग्रामीण, कलेक्टर से हुई शिकायत सेल्समैन पर अभद्रता और लापरवाही के आरोप, लक्ष्मणपुर का मामला

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मणपुर गांव के सैकड़ों परिवार इन दिनों सरकारी अनाज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। शिकायतों के बावजूद जब उचित मूल्य की दुकान से राशन नहीं मिला, तो परेशान ग्रामीणों ने आखिरकार जिला कलेक्टर से सीधे शिकायत कर डाली। मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लक्ष्मणपुर स्थित शासकीय राशन दुकान के सेल्समैन नरेंद्र मिश्रा लगातार तीन महीने से राशन वितरण नहीं कर रहे हैं। आरोप है कि दुकान में अनाज उपलब्ध होते हुए भी हितग्राहियों को राशन नहीं दिया जा रहा। यही नहीं, राशन मांगने पर सेल्समैन द्वारा ग्रामीणों खासतौर पर महिलाओं के साथ गाली-गलौज और बदसलूकी की जाती है,बता दे ग्रामीणों द्वारा उपलब्ध कराए गए एक वायरल वीडियो



में सेल्समैन को न सिर्फ हितग्राहियों बल्कि प्रशासन के अधिकारियों के प्रति भी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए देखा गया है। वीडियो सामने आने के बाद मामला और भी गंभीर हो गया है। कलेक्टर ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति गठित की गई है, जो पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। बॉक्स बारिश से पहले तीन माह का राशन देने का था निर्देशगौरतलब है कि राज्य सरकार ने मानसून की पूर्व तैयारी के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में राशन वितरण की प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत लाभार्थियों को जून माह से पहले तीन महीने का खाद्यान्न एक साथ उपलब्ध कराना था, ताकि बारिश के दौरान किसी को परेशानी न हो। लेकिन लक्ष्मणपुर जैसे कई गांवों में यह योजना कागजों तक ही सीमित रह गई है।

## बालेरो की टक्कर से बाइक सवार पुत्र की मौत पिता घायल, सगरा के पास बीती रात हादसा



**रीवा।** जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सगरा में बाईक सवारों को बोलेरो ने जोरदार टक्कर मारी जिसमें बाइक चला रहे पुत्र की मौत हो गई जबकि पिता घायल हुआ। पिता पुत्र बाइक से रीवा आ रहे थे। हादसे में बताया गया कि बाइक सवार सड़क पर अचानक आए मवेशी से टकरा गए तभी पीछे से आई तेज रफ्तार बोलेरो ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में संदीप साकेत पिता मुन्नालाल साकेत 45 वर्ष निवासी हरदी थाना बैकुंठपुर की मौत हो गई। मृतक के पिता मुन्नालाल साकेत ने बताया कि रात्रि तकरीबन 9 बजे जैसे ही वह सगरा थाना क्षेत्र के रायपुर कर्चुलियान मोड़ के समीप पहुंचे तभी अचानक सड़क पर आवारा मवेशी आ गया जिससे बाइक टकरा गई और दोनों बाइक सहित सड़क पर जा गिरे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने संदीप को रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक संदीप के शव को संजय गांधी अस्पताल भिजवाया जहां गुरुवार को पीएम के बाद उसे परिजनों को सौप दिया गया है। सगरा पुलिस मर्ग कायम कर दुर्घटना कारित करने वाले वाहन की तलाश में लगी हुई है।